# पाठ - 3 चाँद वाली अम्मा

## शब्दार्थ

| शब्द | = | अर्थ |
|---|---|---|
| 1- घूरकर | = | गुस्से से देखना |
| 2- तंग | = | परेशान करना |
| 3. आव देखा न ताव | = | इधर-उधर न देखना |
| 4- हरकत | = | शरारत, शैतानी |
| 5. वार | = | हमला करना |
| 6- क्रम | = | प्रक्रिया, बार-बार दोहराना |
| 7- रस्साकशी | = | खींचना |
| 8- सूझी | = | नया विचार आना |

→ सही वाक्य पर (✓) तथा गलत वाक्य पर (✗) का निशान लगाओ -

1- आसमान बूढ़ी अम्मा की कमर से टकराता था। (✓)

2- मैं गिर जाऊँगी मत ले जा मुझे ऊपर। (✓)

3- बूढ़ी अम्मा चाँद से नीचे उतर गई। (✗)

4- बूढ़ी अम्मा चाँद पर रस्सी पकड़कर बैठ गई। (✗)

5- आसमान ने कहा अम्मा, अब मैं तुम्हें नही छोड़ूँगा। ले जाऊँगा ऊपर। (✓)

# प्रश्नोत्तर

प्रश्न→1 आसमान बूढ़ी अम्मा के साथ क्या शरारत करता था?

उत्तर→ आसमान बूढ़ी अम्मा की कमर से टकराकर शरारत करता था।

प्रश्न→2 आसमान बार-बार आकर अम्मा की कमर से क्यों टकराता था?

उत्तर→ अम्मा को तंग करने में आसमान को बहुत मजा आता था। इसीलिए वह बार-बार अम्मा की कमर से टकराता था।

प्रश्न→3 चाँद वाली अम्मा झाड़ू क्यों नही छोड़ना चाहती थी?

उत्तर→ चाँद वाली अम्मा के पास एक ही झाड़ू था। इसीलिए वह झाड़ू नही छोड़ना चाहती थी।

प्रश्न→4 बूढ़ी अम्मा चाँद पर क्यों चढ़ गई होगी?

उत्तर→ बूढ़ी अम्मा आसमान से पीछा छुड़ाने के लिए चाँद पर चढ़ गई होगी।

→ छात्र स्वयं करें -:

→ अपनी किसी एक शरारत के बारे में लिखो।

→ चाँद को देखने पर आपको चाँद में क्या दिखाई देता है? चित्र बनाओ।

(NS)

# पाठ-4 मन करता है

मन करता है सूरज बनकर
आसमान में दौड़ लगाऊँ।
मन करता है चंदा बनकर
सब तारों पर पकड़ दिखाऊँ।




मन करता है बाबा बनकर
घर में सब पर धौंस जमाऊँ।



मन करता है पापा बनकर
मैं भी अपनी मूँछ बढ़ाऊँ।
मन करता है तितली बनकर
दूर-दूर उड़ता जाऊँ।
मन करता है कोयल बनकर
मीठे-मीठे बोल सुनाऊँ।

पेज न०

मन करता है चिड़िया बनकर
चीं-चीं चूँ-चूँ शोर मचाऊँ।



मन करता है चर्खी लेकर
पीली-लाल पतंग उड़ाऊँ।

'सुरेन्द्र विक्रम'

**कविता की पंक्तियों को पूरा कीजिए** पेज न०-7 पे

(क) मन करता ............................................................ ,

............................................................ दौड़ लगाऊँ।

मन करता ............................................................

............................................................ अकड़ दिखाऊँ।

(ख) ............................................................ तितली बनकर,

दूर-दूर ............................................................ ।

............................................................ बनकर

मीठे-मीठे ............................................................ ।

**. कविता को आगे बढ़ाओ** पेज न०-8

(क) मन करता है भौंरा बनकर,

फूल-फूल ............................................................ ।

मन करता है टीचर बनकर

बच्चों ............................................................ ।

(ख) मन करता है ............................................................ ,

गुड्डे से ब्याह रचाऊँ मैं।

मन ............................................................ मोर बनकर,

बाग में ............................................................ मैं।

# पाठ - 4 · मन करता है

## शब्दार्थ


| शब्द | अर्थ |
|---|---|
| 1- अकड़ | = ऐंठना, गरूर |
| 2- धौंस | = रौब दिखाना, धमकी |
| 3- मीठे बोल | = सबसे अच्छा बोलना, मधुर वाणी |
| 4- शोर | = हल्ला करना |
| 5- चरखी | = जिस पर पतंग उड़ाने का धागा भरा जाता है। |

→ कौन- किस पर अकड़ जमाता होगा। मिलान करो –


| | |
|---|---|
| 1. आसमान में | बड़े बच्चे |
| 2. जंगल में | दादा जी |
| 3. नदी में | कप्तान |
| 4. खेल में | मगरमच्छ |
| 5. स्कूल में | शेर |
| 6. घर में | चाँद |

→ प्रत्येक शब्द के पहले अक्षर को मिलाने पर एक नया शब्द बनता है उदाहरण देखो, समझो और नया शब्द बनाओ -

उदाहरण -:





क→





ख -


ख-




ग-




घ-



# प्रश्नोत्तर

प्रश्न→1 सूरज आसमान में दौड़ क्यों लगाता होगा?

उत्तर→ सारे संसार में रोशनी फैलाने के लिए सूरज आसमान में दौड़ लगाता होगा।

प्रश्न→2 चिड़िया शोर क्यों मचाती होगी?

उत्तर→ लोगों को सुबह-सुबह जगाने के लिए चिड़िया शोर मचाती होगी।

प्रश्न→3 चंदा तारों पर क्यों अकड़ता होगा?

उत्तर→ आकार में सबसे बड़ा होने के कारण चंदा तारों पर अकड़ दिखाता होगा।

प्रश्न → 5 दादा घर में कैसे धौंस जमाते होंगे ?

उत्तर → हर काम अपने तरीके से करवाने के लिए दादा जी घर में धौंस जमाते होंगे।

पाठ-५ मन करता है। पेज न०-15

→ नीचे दिए गए शब्दों के उनसे सम्बन्धित अर्थ से मिलान करो -

| | |
|---|---|
| 1- मामा | पीली - लाल |
| 2. कोयल | तारों पर अकड़ना |
| 3. तितली | आसमान में दौड़ लगाना |
| 4- पतंग | मीठे - मीठे बोल |
| 5- चंदा | दूर-दूर उड़ना |
| 6- सूरज | मुँह |

# पाठ→5 बहादुर बित्तो

1- जवाब = उत्तर देना

2- फटकारा = डाँटना

3- तरकीब = उपाय, तरीका

4- मरियल = बहुत कमजोर

5 मग्गाड़ = सिर में बाँधने वाला कपड़ा

6- मुश्किल = कठिन

7- छटपटा = तड़पना

8- काँपना = घबराना, डरना

नीचे दिए गए शब्द जाल में से पाँच जानवरों के नाम ढूँढ़कर लिखो

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शे | म | च | ल | र | ट |
| र | ठ | घो | ड़ा | ड | ढ़ |
| क | ग | ख | र | गो | श |
| च | हा | ल | भे | र | हि |
| स | थी | म | ड़ि | त | र |
| प | फ | ब | या | भ | न |

पाँच जानवरों के नाम -

1-

2.

3.

4.

5.

# प्रश्नोत्तर

प्रश्न→1 शेर किसान से क्या लेने गया था?

उत्तर→ शेर किसान से बैल लेने गया था।

प्रश्न→2 शेर ने बित्तो को राक्षसी क्यों समझ लिया?

उत्तर→ शेर ने बित्तो को यह कहते हुए सुन लिया था कि वह सुबह चार शेरों का नाश्ता करती है। इसलिए उसने बित्तो को राक्षसी समझ लिया।

प्रश्न→3 बैल की जान कैसे बच गई?

उत्तर→ बित्तो की समझदारी, चतुराई और हिम्मत से बैल की जान बच गई।

प्रश्न→4 भेड़िए ने शेर को भोले महाराज क्यों कहा?

उत्तर→ शेर ने बित्तो को राक्षसी समझ लिया था। इसीलिए उसने भेड़िए को भोले महाराज कहा।

प्रश्न→5 शेर ने भेड़िए की पूँछ के साथ अपनी पूँछ क्यों बाँध ली ?

उत्तर→ शेर को डर था कि कहीं राक्षसी (बिल्ली) के सामने भेड़िया उसे छोड़कर न चला जाए। इसीलिए उसने अपनी पूँछ भेड़िए की पूँछ के साथ बाँध ली।

---

→ शेर और घोड़े में कई अंतर होते हैं। ध्यान से सोचकर नीचे लिखो।

| | शेर | घोड़ा |
|---|---|---|
| खाना | ______ | ______ |
| घर | ______ | ______ |
| रंग | ______ | ______ |
| आदतें | ______ | ______ |